# अजित पवार के निधन पर महाराष्ट्र में शोक की लहर

## सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम शिंदे और राज्यपाल देवव्रत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मिलने पहुंचे

**मुंबई, 28 जनवरी। बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के राजनीतिक हलको में शोक की लहर दौड़ गई. उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर जैसे ही मिली, अस्पताल में फडणवीस, शिंदे और राज्यपाल देवव्रत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मिलने पहुंचे, लेकिन वहां का नजारा हर आँखों को नम कर देने वाला था।**



अजित पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर के देवलाली प्रवरा में हुआ। कम उम्र में पारिवारिक जिम्मेदारियाँ निभाते हुए उन्होंने किसानों की समस्याएँ नजदीक से समझीं और सहकारी संस्थाओं से सार्वजनिक जीवन शुरू किया। 1991 में पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने और 16 वर्ष रहे। बारामती से कई बार विधायक चुने गए तथा कृषि, बिजली, बागवानी और जल संसाधन जैसे विभाग संभाले। वे विभिन्न अवधियों में उपमुख्यमंत्री रहे, 23 नवंबर 2019 की एक-दिवसीय सरकार भी इसका हिस्सा रही। 'दादा' के रूप में पहचाने जाने वाले पवार जनता दरबार, स्पष्टवादिता और समय की पाबंदी के लिए जाने गए, जिसने उनकी प्रशासनिक शैली को परिभाषित किया जायेगा ।

**'दादा' के जनसंपर्क और संगठनात्मक सफर:** अजित पवार सार्वजनिक जीवन में अपने जमीनी जुड़ाव और सुलभ कार्यशैली के कारण लोगों के बीच 'दादा' के नाम से जाने गए। उन्होंने 1982 में एक सहकारी संस्था से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। भू-राजनीतिक समझ और संगठनात्मक क्षमता के बल पर वे बारामती से कई बार विधायक चुने गए तथा 1992-93 में कृषि और बिजली राज्य मंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभाई। यह अनुभव आगे चलकर उनकी राजनीतिक भूमिका को आकार देता रहा। अजित पवार ने कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे विभाग संभाले। वे 2010-2014, 2019-2022 और जुलाई 2023 से उपमुख्यमंत्री रहे.

### बिरला ने अजित पवार के निधन पर दुख जताया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि सहकारिता से जनकल्याण और राज्य के विकास के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान दुर्घटना में हुए असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महाराष्ट्र में विमान दुर्घटना में उप मुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए दिवंगतों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं जतायी हैं। मुर्मु ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्री पवार का असामयिक निधन एक अपूरणीय क्षति है।

### विमान हादसों में जान गवाने वाले देश के बड़े नेता

- संजय गांधी 23 जून 1980 को विमान हादसे में मरे
- माधवराव सिंधिया का 2001 में विमान दुर्घटना में निधन
- देश के पहले चीफ़ ऑफ डिफेंस स्टाफ़ जनरल बिपिन रावत की 8 दिसंबर, 2021 को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई.
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री और उद्योगपति ओ.पी. जिंदल 31 मार्च 2005 को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मरे, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेंद्र सिंह भी शामिल थे।
- आंध्र प्रदेश के 14वें मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी का दो सितंबर 2009 को एक हेलीकॉप्टर हादसे में निधन हो गया था।
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री दोज़ी खांडू 30 अप्रैल 2011 को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गये थे।

# उत्तराखंड में गठित होंगी 643 नई पैक्स समितियां

**देहरादून, 28 जनवरी। उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को अपने आवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेश में 643 नई बहुउद्देश्यीय पैक्स समितियों का गठन, सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण योजना, तीन नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों, एनसीईआरटी की गतिविधियों में राज्य की भागीदारी, तथा फरवरी माह में गुजरात में प्रस्तावित सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।**

डॉ. रावत ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुजरात में प्रस्तावित सहकारिता सम्मेलन के सभी कार्य बिंदुओं पर समयबद्ध ढंग से तैयारियाँ पूर्ण की जाएँ। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को पारदर्शी, सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सचिव, सहकारिता डॉ. इकबाल अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत 643 नई पैक्स के गठन का प्रस्ताव है। जिसके सापेक्ष 621 पैक्स का गठन पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निबंधक कार्यालय के निर्माण के संबंध में शीघ्र ही चिह्नित भूमि पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिला सहकारी बैंकों में वर्ग-एक, वर्ग-दो एवं वर्ग-तीन के कुल 177 रिक्त पदों पर आईबीपीएस के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया संपादित की जाएगी। डॉ. इकबाल ने यह भी बताया कि शीघ्र ही कैडर नियमावली में संशोधन करते हुए 350 प्रोफेशनल सचिवों की नियुक्ति की जाएगी। वहीं सहकारी समिति अधिनियम-2003 एवं नियमावली-2004 में आवश्यक संशोधन कर सहकारी समितियों को और अधिक पारदर्शी एवं सशक्त बनाया जाएगा।

# अमेरिका का एक और सैन्य बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा : ट्रंप

**वाशिंगटन, 28 जनवरी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अपने सख्त रुख की ओर लौटते हुए कहा है कि एक और सैन्य बेड़ा 'अरमाडा' ईरान की ओर बढ़ रहा है।**



उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ईरान हमसे समझौता कर लेगा। कम से कम उनके पास देश तो बचेगा। श्री ट्रंप के बयान से अमेरिका की सैन्य दबाव के साथ कूटनीति की संभावना वाली दोहरी रणनीति झलकी है। इसी क्रम में 'एक्सियोस' को दिये एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि ईरान के साथ स्थिति 'परिवर्तनशील' है और बड़े अमेरिकी सैन्य बेड़ों को क्षेत्र के और करीब तैनात किया गया है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारी कई बार बातचीत की इच्छा जता चुके हैं। इसके बाद एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की कि यदि ईरान तय शर्तों के तहत संपर्क करता है, तो अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है।

# सिद्धार्थनगर में 1052 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**बिना भेदभाव विकास, योगी का परिवार वाला संदेश**

**लखनऊ, 28 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर 1,052 करोड़ रुपये की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर जनपद को बड़ी सौगात दी।**



उन्होंने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता सरकार के लिए परिवार है और बिना भेदभाव विकास ही प्राथमिकता है। योगी ने उपद्रव से उत्सव की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश, संस्कारों से विकसित भारत और सतत विकास को रामराज्य की अवधारणा से जोड़ते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प दोहराया। सिद्धार्थनगर में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समग्र विकास, बेहतर स्वास्थ्य ढांचे और मजबूत कनेक्टिविटी की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित की।

# यूजीसी नियम के विरोध में उमड़ा जनसैलाब

**रायबरेली, कौशांबी, देवरिया, 28 जनवरी। देवरिया और कौशांबी में बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियम 2026 के विरोध में व्यापक प्रदर्शन देखने को मिला। देवरिया में सुभाष चौक से कलेक्ट्रेट तक हजारों लोग नारेबाजी करते हुए पहुंचे, कचहरी मार्ग पर धरना दिया और कुछ समय के लिए सड़क जाम कर दी। वकीलों ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया। बाद में जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया, तब जाम खुल सका।**





वहीं कौशांबी में सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नए नियमों को वापस लेने की मांग उठाई। साथ ही रायबरेली कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की और पैदल मार्च निकालते हुए तहसील परिसर तक विरोध दर्ज कराया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) नियम 2026 के विरोध में उत्तर प्रदेश के देवरिया में बुधवार हजारों लोगों का जनसैलाब सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रर्दशन किये और कचहरी के पास रोड पर धरना दिये। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों के विरोध में सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया एवं जिलाधिकारीको ज्ञापन देकर नए नियम वापस करने की मांग की गई। सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता आज जिला पंचायत परिसर में इकट्ठा हो कर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर यूजीसी के नए नियम को तत्काल वापस लिए जाने संबंधी ज्ञापनजिला अधिकारी को दिया।

रायबरेली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के विरोध में बुधवार को अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की और पैदल मार्च निकालते हुए तहसील परिसर तक विरोध दर्ज कराया।



# भिवानी परिवार मैत्री संग के कार्यक्रम में हजारों की भीड़

**नई दिल्ली, 28 जनवरी। भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा आयोजित वनभोज-12.0 कार्यक्रम ने कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के अद्भुत संगम से हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रभक्ति का उत्सव- श्री गोपीनाथ फार्म, जी टी करनाल रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम में तिरंगा रोहण, मिलिट्री बैंड और युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि के जरिए देशभक्ति का भव्य स्वरूप दिखा।**

अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि राजेश चेतन की ओज, तेज से भरी प्रभावशाली एंकरिंग ने उपस्थित लोगों को घंटों बांधे रखा। संघ की यात्रा- इस वर्ष की थीम %आरएसएस के 100 वर्ष% रही, जिसके तहत संस्था ने संघ के सिद्धांतों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कला और संस्कार- संस्कार भारती के चित्रकारों की प्रदर्शनी, हवन-पूजन और युवाओं द्वारा बनाए गए तिरंगा टैटू ने पारंपरिक व आधुनिक मूल्यों को जोड़ा। समाज सेवा- कार्यक्रम के दौरान मेगा मेडिकल कैंप और रक्तदान शिविर का आयोजन कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया गया। मनोरंजन और जुड़ाव- राजेश चेतन और प्रमोद शर्मा की ओजस्वी एंकरिंग के साथ मनोज मुंतशिर की डॉक्यूमेंट्री और खेलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। अतिथियों की गरिमा- कार्यक्रम में नवल किशोर गोयल की अध्यक्षता और कई गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गौरवमयी बनाया। रमेश अग्रवाल, हंसराज रल्हन, सीए के एल गर्ग, राजेश खेतान, जयकुमार गोयल, जगदीश प्रसाद बगड़िया, सतीश अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, राजीव गोयल तोशामवाल,, विजय जिंदल, अनिल अग्रवाल,संदीप अग्रवाल,सांवर अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल,सन्नी जैन व हरदयाल राजपाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे।

# लाजपत राय को कोटि-कोटि किया नमन

## पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 28 जनवरी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा संदेश में दो प्रसंगों को एक साथ जोड़ा। उन्होंने 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय की जयंती पर श्रद्धांजलि दी और महाराष्ट्र के बारामती में विमान हादसे की खबर पर शोक व्यक्त किया।**



संदेश में स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों का स्मरण करते हुए उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि लाला लाजपत राय का साहस, त्याग और बलिदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने आज़ादी, स्वाभिमान और न्याय के लिए लाजपत राय के योगदान को याद करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया।

### बारामती हादसे पर संवेदना

अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर साझा संदेश में लाला लाजपत राय की जयंती पर श्रद्धांजलि दी और बारामती विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों को याद करते हुए प्रभावित परिवारों के लिए संवेदना जताई। पोस्ट में केजरीवाल ने लाजपत राय के योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। साथ ही, बारामती हादसे पर दुख व्यक्त कर दिवंगतों की आत्मा की शांति और परिजनों के साहस की कामना की।

### आज का इतिहास

- 1528 भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर ने मेवाड़ के राजा राणा सांगा को पराजित कर चंदेरी के किले पर कब्जा जमाया।
- 1916 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी ने फ्रांस पर पहली बार हमला किया।
- 1939 रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर की स्थापना।
- 1949 ब्रिटेन ने इजराइल को मान्यता दी।
- 1970 निशानेबाजी में ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर का जन्म।
- 1979- भारत की पहली जंबो ट्रेन (दो इंजन वाली) तमिलनाडु एक्सप्रेस को नई दिल्ली स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर मद्रास (अब चेन्नई) के लिए रवाना किया गया।

### द. कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी यून को रिश्वतखोरी के आरोप में 20 महीने सजा

**सोल, 28 जनवरी।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की पत्नी किम कोन-ही को रिश्वत लेने के आरोप में 20 महीने जेल की सजा सुनायी गयी है। सोल की केंद्रीय जिला अदालत ने बुधवार को 1.28 करोड़ वॉन (लगभग 9,010 अमेरिकी डॉलर) की ज़ब्ती के साथ जेल की सजा सुनायी। अदालत ने कहा कि किम ने प्रथम महिला के तौर पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल निजी फायदे के लिए किया। अदालत ने हालांकि उन्हें 'कैपिटल मार्केट्स एक्ट' और पॉलिटिकल फंड्स एक्ट के उल्लंघन के आरोपों से बरी कर दिया। किम पर 2022 में यूनिफिकेशन चर्च को फायदा पहुंचाने के बदले में इस धार्मिक समूह के अधिकारियों से कीमती सामान लेने का आरोप था।

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक.: झांसी/एस/106/प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 27.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी मंडल के **सबलगढ़-बीरपुर** खंड के न्यू GC लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण दिनांक **30.01.26** एवं **31.01.26** को किया जाना है। निरीक्षण के दौरान एवं इसके पश्चात इस खंड की न्यू GC लाइन को संचालित कर दिया जाएगा। आस-पास के सभी नागरिको से अनुरोध है कि विद्युत के तार खम्भों से दूर रहे, रेल लाइन के आस-पास न बैठे, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करे एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखे। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनों हो सकते हैं।

197/26 (MG) **वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, झांसी**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# नीतीश देंगे 827 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**समस्तीपुर, 28 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण में 29 जनवरी को समस्तीपुर जिले में 827 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं का शिलान्यास,कार्यरंभ एवं उद्घाटन करेंगे।**



जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री श्री कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान शहर के जितवारपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड मैदान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आम लोगों से सीधा संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लेगें। मुख्यमंत्री श्री कुमार जिले के विभिन्न विभागों के कुल 71 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिसकी कुल लागत 470.24 करोड़ रुपये है। वहीं 273.22 करोड़ रुपये की लागत की 74 योजनाओं का उद्घाटन और 83.89 करोड़ की 43 योजनाओं का कार्यरंभ किया जाएगा। इसके अलावे मुख्यमंत्री श्री कुमार द्वारा जिले में निर्मित पंचायत सरकार भवन एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर समेत अन्य योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शहर के बूढ़ी गंडक नदी पर हकीमाबाद एवं नागरबस्ती के बीच बन रहे आरसीसी पुल सह निर्माणाधीन बाईपास सड़क का भी निरीक्षण करेंगे। वह जिले मे चल रहे योजनाओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
DY. GENERAL MANAGER (EAST) CITY DIVISION GWALIOR
ROSHANIGHAR CAMPUS, GWALIOR (M.P)
E-mail : dgmeast07@gmail.com
NIT No DGM/EAST/GWL/2025-26/6882 Gwalior Dated : 28.01.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | Tender Fee (In. Rs) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|
| OFFICE OF THE CITY CENTER ZONE UNDER DGM (CITY DIV. EAST) GWALIOR | Type-F2, Mini Pickup- Double cabin with ladder/ any Low-End SUV half open from backside for carriage of man materials ladder, etc or equivalent. (Year-2026) | 500/- + GST @ 18% Extra | 04.02.2026 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124187/2026 **DGM (East)**

### रूस ने यूक्रेन की ट्रेन पर किया हमला, पांच की मौत

**कीव, 28 जनवरी.** यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में मंगलवार रात पैसेंजर ट्रेन पर हुए कथित रूसी ड्रोन हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। श्री ज़ेलेंस्की ने इस हमले को 'आतंकवाद की करतूत' बताते हुए एक छोटा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगी हुई दिखायी दे रही थी। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने बाद में कहा कि आग बुझा दी गयी है। श्री ज़ेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, ट्रेन के डिब्बे में नागरिकों को मारने का कोई सैन्य औचित्य नहीं है, और न ही हो सकता है। खासकर, ट्रेन में 200 से ज़्यादा लोग थे, और 18 लोग उस डिब्बे में थे, जिस पर रूसी ड्रोन में से एक ने हमला किया था। रूस ने हमले करने की अपनी क्षमता, आतंक फैलाने की अपनी क्षमता में काफी वृद्धि की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस पर दबाव बनाने के अपने संदेश को दोहराया। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि 50 से ज़्यादा रूस के ड्रोनों के एक हमले ने काला सागर बंदरगाह शहर ओडेसा पर भी हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गये और दो बच्चों सहित 30 से ज़्यादा लोग घायल हो गये। ड्रोन ने शहर के पावर ग्रिड को निशाना बनाया, जिस पर मॉस्को ने सर्दियों के चरम पर बिजली और हीटिंग काटने के प्रयास में बार-बार हमला किया है।

### स्पेन में अवैध प्रवासियों को वैध दर्जा देने मंजूरी

**मैड्रिड (स्पेन), 28 जनवरी।** स्पेन सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए करीब पांच लाख अवैध प्रवासियों को कानूनी दर्जा देने की योजना को मंजूरी दी है। आव्रजन मंत्री एलमा सैज़ ने कहा कि इस योजना के तहत नियमित किये जाने वाले प्रवासी देश के किसी भी हिस्से में, किसी भी क्षेत्र में काम कर सकेंगे। उन्होंने प्रवासन के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि यह नीति मानवाधिकार, एकीकरण, सामाजिक सह-अस्तित्व और आर्थिक विकास के अनुकूल है। राष्ट्रीय प्रसारक आरटीवीई से बातचीत में सुश्री सैज ने कहा, यह केवल अनुमान हैं, लेकिन आंकड़ा लगभग पांच लाख के आसपास हो सकता है। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार एक ऐसे प्रवासन मॉडल को मजबूत कर रही है जो सामाजिक एकता के साथ आर्थिक वृद्धि को भी समर्थन देता है।

**मांग नोटिस**

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के न्यासी के रूप में कार्य करते हुए) (जिसे आगे "ARCIL" कहा गया है) के अधिकृत अधिकारी कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (जिसे आगे "SARFAESI अधिनियम" कहा गया है) के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं, और जबकि नीचे उल्लिखित चार्ट के स्तंभ संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं ने मूल ऋणदाता IIFL-होम फाइनेंस लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है, और जबकि-ARCIL ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है, और जबकि ARCIL, SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ, मांग नोटिस जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकानी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से कुछ उधारकताओं को नोटिस नहीं भेजा जा सका। ट्रस्ट का नामः आर्सिल ट्रस्ट -2026 - 015

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री देवेंद्र डांगस श्रीमती सुनीता (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10510754) | 06 जनवरी 2026, रू. 1604187.14/- (सोलह लाख चार हजार एक सौ सत्तासी और चौदह पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः प्लॉट संख्या 66, सर्वे संख्या 547, साई नगर, ग्राम-मुरार, वार्ड संख्या 26, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474006 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 1000 |

अतः, ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता कुल बकाया राशि और ब्याज का भुगतान करने में विफल रहता है, तो ARCIL धारा 13(4) के तहत ऊपर वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए बाध्य होगा। अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से भी सूचना तामील करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी संधि की सूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय ARCIL द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और देय पूरी राशि के भुगतान पर छुड़ाया जा सकता है, जैसा कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) में विस्तृत है।
कृपया ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आपको एतद्द्वारा बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी प्रकार से सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण और/या उनसे संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थानः ग्वालियर, दिनांकः 29-01-2026, हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड।** सीआईएन क्रमांक-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028। दूरभाषः +91 2266581300। वेबसाइटः www.arcil.co.in

**कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)**
Website- www.datiamedicalcollege.com
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com
पता- 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44 जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड 475661
क्रमांक 752/ शा.चि.म./2026 दतिया, दिनांक- 23/01/2026

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में बायोमेडिकल वेस्ट के निष्पादन हेतु ऑनलाइन निविदा के माध्यम से अनुबंध किया जाना है। इस हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेण्ट) एवं समस्त निविदा संबंधी विवरण प्रकाशन दिनांक से राज्य शासन की अधिकृत ई-टेण्डरिंग बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर देखी जा सकती हैं एवं ऑनलाइन निविदा के प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित जमा कर क्रय की जा सकेगी। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क देय होगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।

| S. N. | Tender Description | Tender for Bio Medical Waste Management |
|---|---|---|
| 1. | Online Tender No. | 2026-DME-477718 |
| 2. | Online Tender Fees (Non Refundable) | 2000+18% GST |
| 3. | EMD Fees | 24,000/- |
| 4. | Publishing Start Date | 27/01/2026 at 12:00 PM |
| 5. | Document Download / Sale Start Date | 27/01/2026 at 13:00 PM |
| 6. | Pre Bid Meeting Date | 29/01/2026 at 13:00 PM |
| 7. | Bid Submission Start Date | 29/01/2026 at 14:00 PM |
| 8. | Bid Submission Closing Date | 16/02/2026 at 17:30 PM |
| 9. | Bid Opening Date | 18/02/2026 at 12:00 PM |

नोट- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर https://mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।
G-24976/25 **अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया (म.प्र.)**